हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए

28/9/24

पत्रावली राष्ट्रीय लोक अदालत में आज पेश हुई। वकील प्रार्थीया उपस्थिति है। जबाव पेरोकार सरकार के द्वारा आदेशिका पर अंकित किया गया व तहसीलदार हिण्डोली से नाम शुद्धि बाबत जॉच रिपोर्ट प्राप्त हुई जो शामिल मिसल है। प्रकरण में संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थीया की सयुक्त खातेदारी भूमि खाता संख्या 44, 32 ग्राम डेरोली व खाता संख्या 26, 25, 22 ग्राम बोरखेडा पटवार मण्डल मांगलीकला में दर्ज होना अंकित करते हुए कथन किया है कि प्रार्थीया का सही नाम बिसरी बाई है। जबकि प्रार्थीया का नाम ग्राम डेरोली/बोरखेडा के राजस्व रिकॉर्ड के खाता संख्या 44, 32, 26, 25, 22 में प्रेम दर्ज हो जाने से उसे किसी भी प्रकार की सरकारी सहायताओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अतः प्रार्थीया का नाम राजस्व रिकॉर्ड में प्रेम के स्थान पर बिसरी बाई दर्ज किया जावे। हमने पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों एवं जबाव अप्रार्थी का अवलोकन किया।

प्रार्थीया द्वारा प्रार्थना पत्र के समर्थन में आधार कार्ड संख्या 473138266793, भामाशाह कार्ड संख्या VNCNBPP, भारत निर्वाचन आयोग पहचान पत्र संख्या RJ/14/103/099026, स्थाई लेखा संख्या कार्ड संख्या FEXPB8843E, बैंक खाता पास बुक सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा बडानयागांव खाता संख्या 2303273618, परिवार राशन कार्ड संख्या 200000779631 ग्राम पंचायत मांगलीकला, जॉब कार्ड संख्या 00537 ग्राम पंचायत मांगलीकला प्रस्तुत किये है जिनमें प्रार्थीया का नाम बिसरी बाई पत्नी धन्नालाल अंकित है। जबाव सरकार में प्रार्थीया का नाम प्रेम पत्नी धन्ना के स्थान पर बिसरी बाई पत्नी धन्नालाल शुद्ध दर्ज किया जाना उचित बताया है। एवं तहसीलदार हिण्डोली द्वारा प्रस्तुत जॉच रिपोर्ट अनुसार प्रेम पत्नी धन्ना व बिसरी बाई पत्नी धन्नालाल एक ही महिला का नाम होना अंकित किया है। प्रकरण में उपरोक्त तथ्यों से प्रार्थना पत्र प्रार्थीया स्वीकार किये जाने योग्य प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थीया स्वीकार किया जाकर भूमि खाता संख्या खाता संख्या 44, 32 ग्राम डेरोली व खाता संख्या 26, 25, 22 ग्राम बोरखेडा पटवार मण्डल मांगलीकला में दर्ज प्रार्थीया के नाम प्रेम पत्नी धन्ना के स्थान पर शुद्ध कर बिसरी बाई पत्नी धन्नालाल दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। निर्णय की पालना हेतु तहसीलदार, हिण्डोली को तहरीर जारी की जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर बाद तकमील नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय राष्ट्रीय लोक अदालत में लिखा जाकर सुनाया गया।

अध्यक्ष
तालुका विधिक सेवा समिति
हिण्डोली जिला बून्दी (राज.)
कोड नं. 24071

तहसीलदार हिण्डोली
जिला बून्दी (राज.)